## खबर संक्षेप

### बेरोज़गारी, आउटसोर्सिंग और अस्थायी नियुक्तियों के खिलाफ आप का सख्त रुख

**सतना।** आम आदमी पार्टी (आप) सतना के ओबीसी विंग के ज़िलाध्यक्ष इंजीनियर नरेंद्र कनौजिया ने सतना जिले में बेरोज़गारी की बढ़ती दर और सरकारी विभागों में बढ़ती आउटसोर्सिंग नीति पर कड़ा विरोध जताया है।उन्होंने कहा कि जिले के हजारों योग्य,शिक्षित युवा नौकरी की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं,जबकि सरकारी कार्यालयों में सैकड़ों पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। इंजी.कनौजिया ने सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा,स्थायी नियुक्तियों के स्थान पर अस्थायी और आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती न केवल बेरोज़गार युवाओं के साथ धोखा है,बल्कि यह उनके श्रम अधिकारों का घोर उल्लंघन भी है। ऐसे कर्मचारी कम वेतन,बिना सुरक्षा और न्यूनतम सुविधाओं के साथ शोषण का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह नीति सिर्फ ठेकेदारों और कुछ पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए चलाई जा रही है,जबकि मेहनती युवाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पौध रोपण के लिए 21 हजार 566 गड्ढे तैयार



**सतना।**मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में सीएसआर फण्ड से फल पौध रोपण के लिए जिला सतना के 5 विकासखण्डों में 1052 कृषकों के द्वारा जिनके पास फेसिंग एवं सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है,का चयन किया गया है। इन कृषकों द्वारा 53 हजार 915 पौधों का रोपण किया जायेगा। जिसके तहत अभी तक 21 हजार 566 गड्ढे कृषकों द्वारा पौध रोपण के लिए खोद लिये गये हैं। उप संचालक उद्यान ने बताया कि शेष बचे हुए गड्ढे 30 मई 2025 तक खोदने के लिए निर्देशित किया गया है। ताकि मानसून आने पर पौध रोपण का कार्य किया जा सके।

### बंद रहे कई प्रमुख मार्ग, चुप्पे चप्पे पर रही सुरक्षा कर्मियों की नजर


# संघ प्रमुख मोहन भागवत मैहर पहुंचे, कड़ी सुरक्षा में हुए रीवा रवाना






**हरिभूमि, सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को रेल मार्ग से मैहर पहुंचे। इस दौरान मैहर रेलवे स्टेशन के अलावा आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मोहन भागवत कड़ी सुरक्षा के बीच मैहर से सड़क मार्ग से होते हुए रीवा की ओर रवाना हो गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार सुबह 11 बजे जनता एक्सप्रेस से मैहर पहुंचे थे। भागवत रीवा में आयोजित आरएसएस के तीन दिवसीय शिविर में शामिल होने के लिए यहां पहुंचे हैं।भागवत के आगमन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर था। मैहर रेलवे स्टेशन पर भागवत के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। स्टेशन पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात था। स्टेशन के एक हिस्से को ब्लॉक कर दिया गया। आस-पास के चौराहों पर यातायात को रोक दिया गया। सुरक्षा घेरे में उन्हें कार तक ले जाया गया। भारी सुरक्षा के बीच वे सड़क मार्ग से रीवा के लिए रवाना हो गए। जैसे ही भागवत का काफिला स्टेट बैंक चौराहे पहुंचा भीरू साकेत नामक 21 वर्षीय युवक पुलिस कर्मियों से बहस करने लगा। इसके बाद वो वहां से भाग गया। पुलिस ने वायरलेस पर सूचना जारी की। कुछ ही देर में उसे घंटाघर के पास से पकड़ लिया गया। ग्राम गिरगिटा मैहर निवासी भीरू साकेत को पूछताछ के लिए मैहर थाने ले जाया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 170,126,135 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने भागवत की सुरक्षा को देखते हुए रीवा जाने वाले मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगा रखी थी। मोहन भागवत के मैहर आने की सूचना के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। भागवत का काफिला जिन रास्तों से गुजरना था उन्हें ब्लॉक कर दिया गया था।

## डॉक्टर के घर में घुसे चोर, लॉकर तोड़कर लाखों के गहने-नकदी ले गए



**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक डॉक्टर के घर में चोरी हो गई। कारगिल ढाबा के पीछे नहर रोड पर डॉ. प्रतीक्षा त्रिपाठी के घर को चोरों ने निशाना बनाया। डॉ.त्रिपाठी बाबूपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत हैं और उनके पति एक प्राइवेट कॉलेज में प्रोफेसर हैं।घटना उस समय हुई जब दोनों पति -पत्नी ड्यूटी पर गए हुए थे। शाम को जब डॉ.त्रिपाठी घर लौटीं,तो उन्होंने देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के लॉकर भी टूटे हुए थे। डॉ.त्रिपाठी ने बताया कि चोर लॉकर में रखे करीब 15 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुरा ले गए। पीड़िता ने रात में कोलगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

### बारिश के पहले सड़कों का मेंटेनेंस जरूरी: बब्बल



**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा नेता जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने जारी बयान में चिंता जाहिर की है की आने वाला समय बारिश का है ऐसे में शहर की सड़कों का मेंटेनेंस आवश्यक है अन्यथा शहर की जनता का सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो जाएगा। श्री भाटिया ने कहा सीवर लाइन के नाम पर जिस तरह से शहर की सड़कों की दुर्दशा कर दिया गया है उससे सभी भली-भांति परिचित है इसलिए प्रशासन को चाहिए बारिश के पहले सड़कों का मेंटेनेंस जरूरी है अन्यथा आए दिन आम जनता सड़कों पर फिसलते नजर आएंगे ऐसे में दुर्घटना होना स्वाभाविक है। युवा नेता ने कहा कि प्रशासन शक्ति के साथ सड़कों का जीर्णोद्धार कराया जाए।

## मिलीभगत से चल रहे अवैध लकड़ी के टालों पर एनजीटी ने कसा शिकंजा

**नगर निगम से मांगा 6 हफ्ते में जवाब,16 साल पहले कलेक्टर ने दिए थे हटाने के आदेश**



**हरिभूमि, सतना।** नगर निगम क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे लकड़ी के टालों के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। एनजीटी की मध्य क्षेत्रीय पीठ (भोपाल) ने सतना नगर निगम से इस संबंध में 6 हफ्तों के भीतर विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। मामला 15 साल पुराना है, जब तत्कालीन कलेक्टर ने आवासीय क्षेत्रों से ऐसे टालों को हटाने का आदेश दिया था,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट महेंद्र सिंह चौहान ने एन जी टी को बताया कि सतना शहर के आवासीय इलाकों में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए लकड़ी के टाल संचालित हो रहे हैं। इन टालों में भारी मशीनों के माध्यम से चिराई होती है,जिससे लगातार धूल, धुआं और ध्वनि प्रदूषण फैलता है। महेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि स्थानीय रहवासियों को दिन-रात इन मशीनों की आवाज और धूल से सांस लेने में तकलीफ तक हो रही है।

### तलब-जवाब,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सुनवाई

इस मामले में एनजीटी की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई,जिसमें न्यायमूर्ति शिवकुमार सिंह ने नगर निगम सतना से 6 सप्ताह में जवाब मांगा है। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यदि पुराने आदेशों का पालन नहीं हुआ है,तो जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी। महेंद्र सिंह चौहान ने अपने आवेदन में सवाल उठाया है कि जब इन टालों को कोई विधिवत अनुमति प्राप्त नहीं है,तो इन तक लकड़ी की आपूर्ति कैसे हो रही है? क्या इसकी जांच हुई है? बिना मानकों के चल रही इन इकाइयों से जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है,वहीं आसपास रहने वालों का जीवन भी संकट में है।

### क्या था 16 साल पुराना आदेश?

साल 2009 में सतना के तत्कालीन कलेक्टर सुखबीर सिंह ने आदेश दिया था कि शहर में स्थित शॉ मिल और टाल आवासीय इलाकों से हटाए जाएं। उन्होंने चेताया था कि घनी बस्तियों में संचालित ये टाल मानवीय जीवन के लिए खतरनाक हैं,विशेषकर आगजनी जैसी घटनाओं के दौरान। कलेक्टर के आदेश के बावजूद नगर निगम की निष्क्रियता से यह स्थिति अब और गंभीर हो गई है।



## जल बचाएं,जीवन में खुशहाली लाएं

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत माधवगढ़ किला के नीचे की गई टमस नदी की सफाई

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है।जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान सतना जिले में अनवरत रूप से जारी है।गुरूवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत माधवगढ़



किले के नीचे टमस नदी की सफाई अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महापौर योगेश ताम्रकार,अध्यक्ष नगर निगम राजेश चतुर्वेदी,कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना सहित अधिकारी-कर्मचारियों,छात्र-छात्राओं तथा स्थानीय गणमान्य जनों ने कार्यक्रम में शामिल होकर नदी की सफाई अभियान में श्रमदान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जन समुदाय को जल के संरक्षण तथा संवर्धन की शपथ दिलाई गई। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सतना जिले में जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे है। वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।नदियों एवं अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों को साफ-स्वच्छ एवं जल संचय करने के योग्य बनाने के भी कार्य किए जा रहे हैं। सतना जिले में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का भी कार्य किया जा रहा है।

### एनआरसी से डिस्चार्ज बच्चों को कलेक्टर ने किया पोषण किट का वितरण



**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने गुरूवार को जिला अस्पताल में स्थापित पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एनआरसी से डिस्चार्ज किये गये बच्चों की माताओं को पोषण किट का वितरण किया। उन्होंने एनआरसी में भर्ती कुपोषित बच्चों के चिकित्सा इलाज,दिए जाने वाले पोषण आहार के संबंध में बच्चों की माताओं से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह,सिविल सर्जन डॉ.मनोज शुक्ला,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.संदीप द्विवेदी, एनआरसी प्रभारी डॉ.अपराजिता त्रिपाठी,एफडी प्रियंका सिंह उपस्थित रही।

## सतना इन्क्यूवेषन सेंटर कान्फ्रेंस हाल का आयोजन 25 मई को

**सतना।** उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए मध्यप्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती द्वारा सतना में 25 मई को प्रातः11 बजे से सतना इन्क्यूवेशन सेंटर कान्फ्रेंस हाल का आयोजन किया जा रहा है।जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक राहुल दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए आरएएमपी नाम से कार्यशाला का आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के सतना में एलईएएन मैनेजमेंट,जेडईडी सर्टिफिकेशन,एमएसएमई पालिसी एवं आईपीआर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत में एमएसएमई की महत्वपूर्ण है एवं इस भूमिका को पूरा करने के लिए उद्योगों को अपना विस्तार एवं उसकी कार्य प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है। जिससे कि वह अपनी कार्य क्षमता एवं उत्पाद की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मापदण्ड पर पहुंचा सकते हैं।लघु उद्योग भारती जो कि एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है। उसके सहयोग से यह कार्यशाला सतना में आयोजित की जा रही है। जिससे अधिक से अधिक उद्यमियों की सहभागिता करने का आग्रह किया गया है।लघु उद्योग भारती सतना इकाई के अध्यक्ष नितेश बडेरिया ने बताया कि सरकार की इस पहल से निश्चित रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को बहुत ही अधिक लाभ होगा।

### कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ के नेतृत्व में जांच दल ने कार्यवाही

# कार्रवाई: 5 ओव्हरलोड ट्रक, तीन बस सहित 3 पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में बुधवार को आरटीओ की टीम द्वारा कटनी से झुकेही मार्ग पर वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान 5 ओव्हर लोड ट्रक, 3 लोक सेवायान पब्लिक बस एवं 3 पिकअप वाहन बिना परमिट फिटनेस के पाये जाने पर उन्हें जब्त कर पुलिस थाना कुठला और कैमोर में सुरक्षार्थ खड़ा करा दिया गया है।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल


वाहनों की सघन जांच के दौरान आरटीओ श्री पाल के नेतृत्व में परिवहन विभाग के कर्मचारी प्रदीप घोष, दिलीप बाथम और राजबहोर कोल शामिल रहे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री पाल ने बताया कि ओव्हर लोड सामग्री परिवहन कर रहे मालयानों और बिना परमिट और फिटनेस के चल रहे यात्री सहित अन्य वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

### कार्यवाही कर थाना में खड़े कराएं वाहन

परिवहन आयुक्त और कलेक्टर श्री यादव द्वारा विगत दिनों भोपाल में हुए वाहन हादसे के बाद से जिले में सजग और सतर्क रहने के दिए निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल द्वारा निरंतर जिले के स्कूल बसों एवं लोक सेवायानों पब्लिक बसों की जांच सतत रूप से की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को कटनी झुकेही मार्ग पर सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें 1 ओव्हर लोड ट्रक, 2 लोक सेवायान पब्लिक बस, एवं 3 पिकअप वाहन बिना परमिट फिटनेस के जब्त कर कुठला पुलिस थाना में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। इसी प्रकार 4 ओव्हर लोड ट्रक, 1 लोक सेवायान पब्लिक बस जब्त कर पुलिस थाना कैमोर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है।







## सड़कों पर मवेशियों के डेरा से आए दिन हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

मवेशियों के कारण सड़कों पर हो रहे सड़क हादसों को रोकने सरकार ने योजना बनाई। कुछ दिनों तक मवेशियों को पकड़ने धरपकड़ अभियान जरूरी चला, लेकिन अब यह दिखावा बनकर रह गया है। उमरियापान से ढीमरखेड़ा मार्ग पर उमरियापान,बम्हनी,मडेरा,बनेहरी, गर्राघाट, पोंडी खुर्द, खिरवा, सिमरिया और ढीमरखेड़ा तक जगह जगह मुख्य सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। ढीमरखेड़ा से दशरमन और ढीमरखेड़ा से खमतरा मार्ग पर भी सैकड़ों निराश्रित मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहता है। उमरियापान की बात करें तो यहाँ मुख्य बाजार झंडा चौक,अँधेली बाग, पुलिस थाना के समीप सहित अलग अलग जगहों पर मवेशी डेरा जमाए रहते हैं। जिससे कि राहगीरों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।सरकार ने सड़कों पर धूम रहे गौवंश सहित अन्य निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं और सुरक्षित स्थानों पर रखने के आदेश जारी किए। कुछ दिनों तक अफसरों ने जरूर खानापूर्ति किया लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्र में अफसर इस अभियान को भूल गए हैं। सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण रात के समय में आये दिन दुर्घटनाएं होती हैं। बाइक में हेडलाइट धीमी रहती है और सड़क पर बैठे मवेशी कम उजाले में दिख नहीं पाते है, इस कारण अधिकतर मोटरसाइकिल सवार दुर्घटना का शिकार होते है।

### समूह-1 एवं उप समूह-3 की संयुक्त भर्ती परीक्षा के लिए सौपे गये दायित्व

**सतना।** म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित समूह-1 एवं उप समूह-3 पदों के संयुक्त भर्ती परीक्षा-2024 की स्थगित की गई एक पाली की परीक्षा पुनः 23 मई 2025 को सतना जिले के 3 परीक्षा केन्द्रों में एक पाली में आयोजित की जा रही है। जिसमें परीक्षा का प्रथम पाली प्रातः11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा में अभ्यर्थियों की रिपोटिंग का समय प्रातः 9 बजे से प्रातः 10.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा अधिकारियों को दायित्व सौपे गये हैं। जिसमें पुलिस अधीक्षक को प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में 3 पुलिस गार्ड,2 पुरूष एवं 1महिला कर्मियों की डयूटी लगाये जाने,डीएसपी स्तर के अधिकारी को मानीटरिंग हेतु सुरक्षा समन्वयक नियुक्त करने के निर्देश दिये है। सीएमएचओ को परीक्षा में बैठे छात्रों के लिए मेडीकल टीम सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए निर्धारित किया जाना सुनिश्चित करने और अधीक्षण यंत्री एमपीईबी प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में विद्युत व्यवस्था/प्रवाह सतत रूप से बनाये रखना सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है।

## खबर संक्षेप

### खटीक मोहल्ला अंधेरे में डूबा

**पवई।** नगर परिषद पवई के वार्ड क्रमांक 10 स्थित खटीक मोहल्ला में बिजली समस्या विकराल रूप ले चुकी है। गर्मी के इस मौसम में जहां हर नागरिक को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता है, वहीं इस मोहल्ले के आधे से अधिक घर हर रात अंधेरे में डूब जाते हैं।स्थानीय रहवासियों के अनुसार, दिन में बिजली सप्लाई सामान्य रहती है, परंतु जैसे ही रात होती है, मोहल्ले का बड़ा हिस्सा बिजली से वंचित हो जाता है। इससे लोगों को भीषण गर्मी, मच्छरों और असुरक्षा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत, फिर भी नहीं मिला समाधान - मोहल्लेवासियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार बिजली विभाग को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। जब विभाग के कर्मचारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए बताया कि फिलहाल मोहल्ले में 25 एमपीयर की केबल कार्यरत है, जबकि आवश्यकता 90 से 95 एमपीयर की है। निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि जब रात में विभागीय कर्मचारियों से संपर्क किया जाता है, तो वे श्हिल वालीश (लाइन में कहीं और खराबी) का बहाना बनाकर टालमटोल करते हैं। कई बार तो जनता की बार-बार मिन्नतें करने पर ही कर्मचारी मौके पर पहुंचते हैं और तब जाकर अस्थायी रूप से सुधार कार्य होता है। जनता ने उठाई मांग, जल्द मिले स्थायी समाधान खटीक मोहल्ले के नागरिकों ने नगर प्रशासन और विद्युत विभाग से इस समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो गर्मी के साथ-साथ नाराजगी भी बढ़ती जाएगी।

### शीतल जल हेतु वन विभाग द्वारा लगवाए गए पांच वाटर कूलर



**पवई।** इन दिनों देश,प्रदेश के साथ पन्ना जिले में भी भीषण गर्मी का दौर जारी है। पवई नगर सहित पूरे क्षेत्र में भी लोग भीषण गर्मी के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में लोगों की गर्मी से बचने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता पानी होती है। इसी समस्या को देखते हुए मध्य प्रदेश शासन वन विभाग पवई के द्वारा तेंदूपत्ता लाभांश की राशि के द्वारा पांच स्थानों पर शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर कूलर लगवाए गए हैं। बुधवार को मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया,जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह, प्रदेश कार्य समिति समिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल की उपस्थिति में माता कलेही देवी मंदिर परिसर,कृषि उपज मंडी,अरण्य भवन सहित दो शासकीय विद्यालयों में वाटर कूलर स्थापित किए गए। इस दौरान पूरे विधि विधान से मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई साथ ही फीता काटकर वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। बता दें की वन विभाग का उद्देश्य गर्मी में लोगों को ठंडा पानी मिल सके। और कलेही देवी मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में वाटर कूलर लग जाने से उन्हें यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा साथ ही कृषि उपज मंडी जहां किसानों का हमेशा आना जाना होता है,वाटर कूलर के लग जाने से उन्हें ठंडा पानी मिल पाएगा।


### सी.एम. राइज विद्यालय अजयगढ में समर कैंप समापन समारोह का भव्य आयोजन



**अजयगढ।** सीएम राइज विद्यालय अजयगढ में आयोजित समर कैंप का समापन समारोह बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समर कैंप का आयोजन विद्यालय द्वारा 20दिवस के लिए किया गया था, जिसमें बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विकास खंड शिक्षा अधिकारी बीडी रजक जी (सहायक संचालक) थे, जिन्होंने बच्चों द्वारा तैयार की गई कला कृतियों, योग प्रदर्शन, नृत्य, संगीत और नाटक को सराहा। उन्होंने बच्चों को मेहनत और अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्राचार्य वीरेंद्र कुमार मिश्रा जी एवं स्कूल लीडर्स शिव नारायण सिंह एवं विष्णु प्रसाद लखेर की भोपाल प्रशिक्षण में होने के कारण प्रभारी प्राचार्य की भूमिका श्री मती मधुरिमा राय ने अदा की। विकास खंड शिक्षा अधिकारी जी ने विद्यालय परिवार को कार्यक्रम के सफल समापन के लिए बधाईया दी।

# सलेहा-पन्ना रोड चौराहे से हरद्वाही मोड़ तक फुटकर व्यापारियों का कब्जा?

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



गुनौर शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने की कोशिश फिलहाल कामयाब नहीं हो रही हैं। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले ही पूरी व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं। लेफ्ट टर्न को फ्री करने की योजना भी ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। लेफ्ट टर्न में ऑटो, बस और रिक्शा चालकों ने अस्थाई स्टेण्ड बनाकर रखा हुआ है, जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं है! अस्पताल चौराहा में लेफ्ट टर्न पर ही चाय-पान, चाट-फुल्की सब्जी के अनगिनत टपरे फुटपाथों पर होने के कारण ग्राहकों के वाहन सड़क पर ही पार्क हो रहे हैं, इसी तरह फल और सब्जी ठेला वाले टर्न के मुहाने में ही ठेला लगा खड़े हो जाते हैं। अतिक्रमणयुक्त लेफ्ट टर्न से दोपाहिया वाहन चालक बड़ी मशक्कत के बाद निकलने का प्रयास कर लेता है, लेकिन कार या अन्य फोर व्हीलर वाहन वाले बगैर परेशानी के चौराहा क्रास नहीं कर पा रहे हैं। यातायात को सुगम करने के लिए तहसील गेट, अस्पताल चौराहे में सभी दिशाओं में अथक प्रयास के बाद टर्न के हिसाब से पर्याप्त जगह दी गई थी। टर्न बनाने के लिए अफसरों ने अतिक्रमण हटाने के साथ भूमि अधिग्रहण का कार्य भी किया था। सालों की मेहनत के बाद चारों ओर टर्न बनकर तैयार हुए, लेकिन यहीं लेफ्ट टर्न श्अवैध स्टेण्डश में तब्दील हो चुके हैं। अस्पताल चौराहा एवं कालौनी चौराहा शहर का सबसे व्यस्त चौराहा है। इस मार्ग से नगरीय प्रशासन और राजस्व के कई अधिकारियों का दिन में एक से दो बार आना जाना बना रहता है, लेकिन किसी को सरल यातायात की फिक्र नहीं है।

**कैमरे से कहां हो रही मॉनिटरिंग-**

ककरहटी, पन्ना- कटनी मार्ग चौराहे में जहां अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कार्यालय के साथ-साथ बस स्टैंड चौराहे पर कई कैमरे लगे हुए हैं। चौराहे पर लगे कैमरे टर्न के अलावा ,छोड़कर सब कुछ देखखने में सक्षम हैं ? या नहीं जिम्मेदारों को नहीं पता है। कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग कौन और कहां से कर रहा है, कैमरे किस विभाग के लगे हुए हैं? यह समझ से परे है। तो आखिर गुनौर के शो-पीस कैमरे लगवाए किसने हैं ! उसका बजट किसने दिया पैसा कहां से आया।

**चौराहे में सुबह 8 से रात 9 बजे तक धमाचौकड़ी-**

बस स्टैण्ड चौराहे में सुबह 8 बजे से दर्जनों ऑटो खड़े रहते हैं। अस्पताल चौराहा से कटनी, सागर, सतना की ओर जाने वाली बसें अतिक्रमण के चलते बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर चींटी की भांति रेंगती रहती है। चौराहा के पास 50 कदम की दूरी में गुनौर थाना का पुलिस आफिस है। चौराहा से 20 कदम की दूरी में ट्रेफिक से संबंधित फिक्स चौक पोस्ट है और 100 मीटर की दूरी पर थाना जाने वाले मार्ग एवं नगर गुनौर बस्ती की ओर जाने वाली सीसी रोड स्थित है, इसके बावजूद व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। फिर साहब हंगामा है क्यों बरपा? आखिर नगरीय प्रशासन विभाग सहित अन्य जिम्मेदार इस ओर नजरें इनायत कब करोगे। कहा जाता है कि हर दिन गुनौर में डमफर ठेला से दुर्घटना होना और अकारण ही काल के गाल में समा रहे लोगों के पीछे एक कारण बेतरतीबी व्यवस्था भी है।

## टिकरिया में झोलाछाप डॉक्टर आम लोगों के जीवन के साथ कर रहा खिलवाड़, जनजीवन पर संकट





**स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी बनी बड़ी वजह।**

पवई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकरिया क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है, टिकरिया मे देखा जा रहा कि मैत्री फॉर्मेसी नाम से एक मेडिकल संचालित है। उसी कि आड़ मे कई वर्षो से क्लिनिक संचालित हो रही है। जो न तो किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सा संस्था से प्रशिक्षित हैं और न ही इनके पास वैध पंजीकरण है। इसके बावजूद ये कथित डॉक्टर खुलेआम दवाइयाँ दे रहे हैं और गंभीर बीमारियों का इलाज करने का दावा कर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज से मरीजों की स्थिति बिगड़ गई है, यहां तक कि कुछ मामलों में मौत तक हो चुकी है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय निवासी रामदयाल यादव ने बताया, "हमने कई बार शिकायत की है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गरीब आदमी इलाज के लिए उन्हीं के पास जाता है और जान जोखिम में डालता है।लोगो का मानना है कि ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न होने से इनका मनोबल बढ़ा हुआ है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से आम जनता का विश्वास सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था से उठता जा रहा है। इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर जानकारी दी गई है अब देखना होगा आगे क्या कार्यवाही होती है।अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन कब जागता है और कब इन फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाते हैं।

**इनका कहना है-**

मुझे अभी जानकारी प्राप्त हुई है क्षेत्र में अभी नया हूं मैं स्वयं का क्षेत्र का भ्रमण आज करूंगा और यदि इस प्रकार की संचालित पाई जाती तो उसे कार्रवाई करुगा।

**प्रशांत भदौरिया**
**बीएमओ पवई।**

# नगर परिषद गुनौर क्षेत्र में जारी है अवैध मिट्टी का खनन व परिवहन, जिम्मेदार खामोश

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



जिले में प्रशासन के लाख दावों के बाद भी जिले में खेतों से, सरकारी जमीनों पर से अवैध मिट्टी खनन जारी है। जेसीबी लगाकर खेतों से धड़ल्ले से मिट्टी खनन किया जा रहा है। खनन के बाद ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर मुख्य मार्गों से मिट्टी गंतव्य तक खुलेआम अधिकारियों के सामने पहुंचाई जा रही है। जिम्मेदार तमाशबीन बने हुए है। इसमें अधिकतर मिट्टी कारोबारी के पास जा रही है। कारोबारी, खनिज विभाग एवं अन्य विभाग की मिलीभगत से रॉयल्टी की चोरी करते हैं। रोजाना राजस्व विभाग के दफ्तर के सामने से एवं नगर परिषद गुनौर क्षेत्र के बंगला ,रोड से होकर गुजर रहा मिट्टी लोड ट्रैक्टर। परमिट के बारे में पूछने पर चालक ने बताया कइस क्षेत्र में मिट्टी, पत्थर, मुरूम बगैर परमिशन के होता है। इसी तरह सरकारी गैर सरकारी जमीनो पर धड़ल्ले से खनन का धंधा चलता है। अवैध खनन का धंधा खूब फल-फूल रहा मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी अफसर सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिससे अवैध खनन का धंधा खूब फल-फूल रहा है। पुलिस व खनन अधिकारियों से साठगांठ कर माफिया मिट्टी का खनन दिन-रात कर रहे हैं। यही नहीं,पंडरिया नदी की रेत,नदी व नालों से निकाले गए पत्थर को सरकारी जमीन पर डंप किया जा रहा है। जिस पर अफसर कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं।

**रॉयल्टी की होती है चोरी अधिकारियों और कर्मचारियों को बंटता है हिस्सा**

नियमों के मुताबिक, परमिट देते समय ही यह तय किया जाता है कि किस जगह पर कितनी गहराई तक खनन कराया जा सकता है। अगर किसी जगह पर चार फीट खनन का परमिट है, तो वहां 20 फीट खनन कर दिया जाता है। यानी 16 फीट मिट्टी ज्यादा निकाली जाती है और सरकारी खजाने में इसकी रायल्टी जमा नहीं होती है। जब भी शिकायत पर जांच होती है, उसे साठगांठ से दबा दी जाती है। बचने के लिए तर्क दिया जाता है कि उस जगह पर पहले से 16 फीट गड्ढा था, इस वजह से 20 फीट गहरा हो गया। यानी झूठे तर्क से नियम-कानून को खारिज कर अवैध खनन का खेल जारी रखा जाता है। सिस्टम से जुड़ा है पूरा गिरोह सूत्रों ने बताया कइस तरह के अवैध खनन के खेल में सबसे अहम भूमिका खनन विभाग की होती है। विभाग की अनुमति के बिना यह संभव है नहीं। इसके लिए बाकायदा सरकारी सिस्टम से जुड़ा एक गिरोह काम करता है। इसके अलावा एक आदमी को परमिशन मिलते ही उसकी आड़ में तीन अन्य लोग जेसीबी से खनन कैसे करेंगे, यह भी वही तय करता है। फिर, संबंधित विभागों को साधा जाता है।

# पन्ना पुलिस ने धरमपुर थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग को किया दस्तयाब

## अपहृत के परिजनों द्वारा बालक के सकुशल घर वापस लौटने पर पुलिस टीम को दिया धन्यवाद



हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को अपहृत बालक/बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/ चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना/ चौकी स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना धरमपुर के अप.क्र. 145/25 धारा 137(2) बी एन एस में अपहृत नाबालिक बालक को धरमपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 21/05/25 को दस्तयाब किया गया है। मामले में फरियादी रामचन्द्र खटिक पिता सोनेलाल खटिक उम्र 30 साल निवासी पैकनपुरवा द्वारा थाना धरमपुर में रिपोर्ट की गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति फरियादी के लड़का ओमप्रकाश को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना धरमपुर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहरण का अपराध क्रमांक 145/25 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया था। मामले में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालक की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप दिनांक 21/05/25 को मुखबिर सूचना के आधार पर मामले के अपहृत बालक को कालिंजर बस स्टैण्ड से दस्तयाब किया गया है।

**इनका रहा सराहनीय योगदान-**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत, सउनि अवधराज सिंह, प्रआर. अशोक प्रजापति, आर. गिरधारी साहू, अमित यादव, ब्रजेश सिंह एवं सायवर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम द्वारा किये गये कार्य की प्रशंसा की गई है।




# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में देवी अहिल्याबाई जयंती कार्यक्रम का आयोजन

**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्तम समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में दिनांक 22 मई 2025 को देवी अहिल्याबाई की जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष में भाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव खरे जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के बोर्ड मेंबर एवं विशिष्ट अतिथि आर.बी.सिंह सेंगर, रवि शंकर बाजपेई जी एवं डॉक्टर शेर सिंह उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि संजीव खरे उर्फ धीरज भैया द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि अहिल्याबाई होलकर (31 मई 1725 - 13 अगस्त 1795) भारत के मराठा साम्राज्य की एक प्रसिद्ध महारानी थीं। वे मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी थीं. उन्होंने मालवा राज्य की शासिका के रूप में अपनी दूरदर्शिता और न्याय के लिए जाना जाता है. उनको देवी के रूप में भी पूजा जाता है। विशिष्ट अतिथि श्री रवि शंकर जी द्वारा देवी अहिल्याबाई के सामाजिक एवं धार्मिक पुनरुत्थान के बारे में बताया गया। अहिल्याबाई ने अपने राज्य में धर्म, न्याय और सामाजिक भलाई के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कई मंदिर और धर्मशाले बनवाईं, खासकर काशी, गया, सोमनाथ, अयोध्या और हरिद्वार जैसे तीर्थ स्थानों पर। उन्होंने सड़कों और पुलों का निर्माण भी करवाया, जिससे लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में सुविधा हुई। डॉक्टर शेर सिंह जी द्वारा देवी अहिल्याबाई की न्याय प्रिय एवं सुशासन के बारे में विचार व्यक्त किए गए। अहिल्याबाई को भारत की एक दूरदर्शी और न्यायप्रिय महिला शासक के रूप में जाना जाता है। उनके शासनकाल में मालवा राज्य में सामाजिक और आर्थिक विकास हुआ। उन्होंने धर्म और समाज के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिससे उन्हें लोग देवी के रूप में पूजते हैं। कार्यक्रम के अंत में श्री धीरज सेन जी द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती के उपलक्ष में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा समस्त छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

# थाना कोतवाली, पन्ना पुलिस द्वारा बड़ी मात्रा में जप्त की गई अवैध शराब, पिकप वाहन एवं विभिन्न ब्रान्ड की कुल 856.44 लीटर अवैध शराब सहित कुल 14.36 लाख का मशरूका जप्त

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



पन्ना जिले के पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान तथा एसडीओपी पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रो में अवैध शराब के निर्माण, भण्डारण, बिक्रय एवं परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 21-22 मई की दरम्यानी रात, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा को सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप वाहन से बड़ी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा पन्ना-छतरपुर मार्ग पर बक्चुर मनौर के पास एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस वाहन को देखकर चालक मौके से भाग निकला। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी में विभिन्न ब्रांड्स की कुल 94 कार्टूनों में 856.44 लीटर अवैध शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 6,36,510/- है। साथ ही 8 लाख मूल्य का पिकअप वाहन भी जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 14,36,510/- रूपये का मशरूका जप्त किया गया है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 461/25, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

**सराहनीय योगदान-**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, सउनि मानसिंह, रामकृष्ण पाण्डेय, प्र.आर. बृषकेतु रावत, संदीप तिवारी, सत्येन्द्र बागरी, अशोक सिंह, अभिषेक सिंह, सुजीत यादव, राहुल सूर्यवंशी, फेरन सिंह, नीलेश प्रजापति, बृजगोपाल बागरी, चन्द्रपाल प्रजापति, शैलेन्द्र बागरी एवं सत्यनारायण अग्निहोत्रीकी महत्वपूर्ण भूमिका रही ।पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा इस उत्कृष्ट कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

### बिना प्रबंधक और बिना रजिस्टर्ड सेल्समैन के मनमर्जी तरीके से चल रही पीडीएस की दुकानें

# वर्षों से कागजों में फर्जी चल रही स्वामी विवेकानंद विपणन सहकारी समिति छतरपुर

**हरिभूमि, छतरपुर**

सहकारिता के क्षेत्र में भ्रष्टाचार की गाथा जितनी भी गाई जाए उतनी ही कम है। क्योंकि सहकारिता का क्षेत्र भ्रष्टाचार के लिए पूरे तरह से बदनाम हो चुका है। एक से एक बढकर भ्रष्टाचार सहकारिता के क्षेत्र में हो रहे है। लेकिन प्रशासनिक मूकदर्शक बने या भ्रष्टाचार देख रहें है। भ्रष्टाचार की कड़ी में ही स्वामी विवेकानंद विपणन सहकारी समिति छतरपुर भी शामिल है। यह समिति कई सालों से कागजों में चल रही है। समिति के पास न तो कोई कार्यालय है, न कोई रजिस्टर्ड सैल्समेन है, और न ही कोई स्थाई प्रबंधक जो संस्था के लेखाजोखा का हिसाब रख सके। लम्बे समय से यह समिति बिना प्रबंधक के संचालित हो रही है। करीब 6 माह पूर्व सुरेश कुमार तिवारी प्रबंधक के पद से सेवानिवृत हो चुके है। लेकिन आज दिनांक तक अन्य किसी प्रबंधक को नियुक्त नहीं किया गया है। इन सब की जिम्मेदारी डीआर आफिस से नियुक्त किए गए प्रशासक की है। लेकिन संस्था के पेसौं के आगे प्रशासन भी नतमस्तक है। इसलिए स्वामी विवेकानंद विपणन सहकारी समिति कि धाधंली और भ्रष्टाचार पर शिकंजा नही कसा जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह कि संस्था पीडीएस की 5 दुकानें संचालित कर रही है। पीडीएस के तहत गेहुँ, चावल सहित अन्य चीजें उपभोक्ताओं को बाटनें के लिए आती है। लेकिन इस वितरण ब्यवस्था को भी पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढा दिया गया है ना तो समय पर उपभोक्ताओं को राशन सामग्री मिलती है, और न ही अन्य चीजें। कई बार तो उपभोक्ताओं को महीनों चक्कर लगाना पड़ता है। सबसे बड़ा भ्रष्टाचार यह देखने को मिला है कि उपभोक्ताओं के अंगूठे, थम्ब मशीन में लगवाकर उपभोक्ताओं को यह कहकर टरका दिया जाता हैं कि कुछ दिन बाद राशन सामग्री मिलेगी। जैसे ही समय बीतता जाता है, तो उपभोक्ताओं को भलाबुरा कहकर लौटा दिया जाता है। स्वामी विवेकानंद विपणन समिति का सबसे बड़ा सरगना है सगीर सौदागर।

### उपपंजीयक के आदेश के बाद भी नही दी जा रही सूचना के अधिकार की जानकारी

उपपंजीयक लोक सूचना अधिकारी छतरपुर द्वारा 29 जनवरी 2025 को समिति प्रबंधक को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए थे कि संबधित आवेदक को सूचना के अधिकार के तहत समिति की वर्ष 2020 से 24-25 तक की ऑडिट नोट एवं समिति की कैशबुक वर्ष 2021 से 24-25 के आय ब्यय पत्र की जानकारी देने के निर्देश दिए थे, लेकिन भ्रष्टाचार में माहिर और निरंकुश समिति प्रबंधक ने उपपंजीयक लोक सूचना अधिकारी के आदेश को भी पैरों तले कुचल दिया और आज दिनांक तक सम्बंधित आवेदक को जानकारी नही दी। शासन के स्पष्ट निर्देश है कि समयसीमा पर जानकारी नहीं देने पर जूर्माना, सजा या दोनों लगाया जा सकता है, लेकिन समिति प्रबंधक कें विरूद्व कोई कार्यवाही नही हो रही है। जिससे वह बेलगाम है। और शासन के निर्देशों को भी दरकिनार करते हुए जानकारी नहीं दे रहे है। क्या ऐसे निरंकुश और भ्रष्टाचारी समिति का ठेकेदार सगीर सौदागर और समिति प्रबंधक पर कार्यवाही करने में प्रशासन भी लाचार है। कहीं ऐसा तो नहीं स्वामी विवेकानंद समिति अपने भ्रष्टाचार का हिस्सा प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुचाता हो और इसलिए प्रशासनिक अधिकारी समिति के विरूद्व कार्यवाही करने में अपने आप को दिव्यांग समज रहे है।

### पीडीएस दुकानों से भी हो रहा भ्रष्टाचार

स्वामी विवेकानंद विपणन सहकारी समिति द्वारा पांचः पीडीएस की दुकानें संचालित की जा रही है। जिनमें कदवा, पड़रिया, छिरावल, गोरा,पनौठा शामिल है। और इन पीडीएस की दुकानों से राशन वितरण में भी जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। कभी उपभोक्ताओं को राशन मिलता है, तो कभी नहीं। उपभोक्ताओं के अगुठे लगवाने के बाद उन्हें राशन नही दिया जाता। राशन वितरण की पुरी जिम्मेदारी खाद्य विभाग, और एसडीएम की होती है। लेकिन वह भी इनके भ्रष्टाचार में शामिल होकर खुली छुट दिए रहते है। खाद्य विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि समय पर राशन वितरण हो और उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में राशन मिले लेकिन अपूर्ति अधिकारी इस और ध्यान नही दे रहे है। और न ही फूड्स्पेक्टर।

### पूर्व में खरीदी में भी किया था भ्रष्टाचार

पूर्व के बर्षो में छत्रसाल विपणन सहकारी समिति को गेहुँ खरीदी के लिए अधिकृत किया गया था। लेकिन इस समिति द्वारा गेहुँ खरीदी में भी जमकर फर्जीवाड़ा किया गया था कहीं के किसान और कहीं खरीदी केन्द्र होने के बाद भी मनमाने तौर पर खरीदी की गई थी। खरीदी के दौरान फर्जी किसानों की संख्या अधिक देखने को मिली थी। इनका गेंहूँ खरीदी का भ्रष्टाचार काफी चर्चाओं में रहा। उपपंजीयक कार्यालय के प्रशासक श्याम क्षत्रिय ने जिला आपूर्ति अधिकारी को पत्र लिखा था कि समिति के पास न तो कोई प्रबंधक है, और न ही कोई सैल्समेन इसलिए गेंहू खरीदी जिम्मेदारी न सौंपी जाए, और समिति में स्टाफ भी नहीं है। जिससे पीडीएस की दुकान चलाने में भी सक्षम नहीं है। और इसी पत्र के चलते छत्रसाल विपणन सहकारी समिति को गेहूँ खरीदी का केन्द्र नही बनाया गया, लेकिन पीडीएस की दुकानें आज भी बराबर चल रही है। जबकि कोई स्टाफ नहीं है। फिर बिना स्टाफ के राशन का वितरण केसे होता है। यह भी सुनने में आया है कि किसी माह किसी ब्यक्ति, तो किसी माह दूसरे ब्यक्ति से राशन वितरण कराते है। चुकि राशन वितरण करने बाले सब प्राइवेट ब्यक्ति होते है। इसलिए बह राशन वितरण में और भी मनमानी करते हुए उपभोक्ताओं को पुरा राशन नहीं देते है हर माह राशन वितरण के नाम पर बड़ा घोटाला किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी चुपचाप बैठे भ्रष्टाचार करने बाले को सरंक्षण दिए है।

### इनका कहना है

यह मुझे भी जानकारी है कि मैंने आदेश किया था। स्वामी विवेकानंद विपणन समिति छतरपुर में इतना अधिक भ्रष्टाचार है यह मुझे पता नहीं था, मैं इसकी जांच करवाकर कार्यवाही प्रस्तावित करता हूं।

**डॉक्टर अरुण मश्राम**
उपपंजीयक
सहकारी संस्थान छतरपुर

### इनका कहना है

मुझे आपके द्वारा यह जानकारी मिली है। अगर यहां सभी दुकानें फर्जी और गैर तरीके से चल रही है, तो मैं सभी की जांच करवाता हूं और समिति को अलग करता हूं।

**अखिल राठौर**
एसडीम, छतरपुर



# आंधी के कारण छत से गिरी बुजुर्ग महिला, मौत

**नौगांव**

*नौगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत झींझन गांव में तेज आंधी ने एक दुखद हादसे को अंजाम दिया। बताया गया है कि यहां 70 वर्षीय गिरजा बाई यादव की छत से गिरकर मौत हो गई। घटना रात करीब 1 बजे की है, जब गिरजाबाई अपने घर की छत पर सो रही थीं। परिवार में शादी के चलते सभी लोग छत पर सो रहे थे। तेज हवा के कारण वह नीचे उतरने के लिए खड़ी हुईं, तभी हवा के झोंके से असंतुलित होकर छत से गिर गईं। परिजन सुनील यादव ने बताया कि उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उनकी मृत्यु हो गई। इस हादसे से शादी के घर में मातम छा गया।*

### *तेज आंधी और बारिश से प्रभावित हुआ जनजीवन -*

*छतरपुर शहर में बुधवार देर रात आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। शहर में शनि मंदिर के पास एक बड़ा पेड़ बिजली के तारों पर गिर गया, जिससे देर रात से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि विद्युत विभाग की ओर से रात भर मरम्मत के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। पेड़ के गिरने से बिजली के तार जमीन पर बिखर गए हैं, जिससे इलाके में खतरे की स्थिति बनी रही। यदि नगर पालिका ने समय पर पेड़ को नहीं हटाया, तो सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।*

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी विंध्याचल में निकली स्वच्छता रैली – "स्वच्छ भारत" की ओर एक और सशक्त कदम

**सिंगरौली।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत, एनटीपीसी विंध्याचल ने आज अपने टाउनशिप परिसर में एक प्रेरणादायक स्वच्छता रैली का आयोजन किया। इस रैली में एनटीपीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों के साथ-साथ सीआईएसएफ, यूनियन तथा एसोसिएशन प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली का नेतृत्व श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने किया। इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिनमें श्री संजीब कुमार साहा (महाप्रबंधक – प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री डी.के. अग्रवाल (महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री), श्री राजशेखर पाला (महाप्रबंधक – प्रचालन), श्री ए.जे. राजकुमार (महाप्रबंधक – अनुरक्षण एवं एडीएम) और श्री राकेश अरोड़ा (मानव संसाधन प्रमुख, विंध्याचल) शामिल रहे। रैली के दौरान टाउनशिप में स्वच्छता के नारे गूंज उठे, जिन्होंने न केवल वहां मौजूद लोगों को प्रेरित किया, बल्कि साफ-सफाई, पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक भागीदारी के महत्व को भी उजागर किया। यह आयोजन एनटीपीसी विंध्याचल की स्थायी विकास और स्वच्छ भारत के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एनटीपीसी विंध्याचल, देश की सबसे बड़ी ताप विद्युत परियोजनाओं में से एक होने के नाते, स्वच्छता और पर्यावरण सरंक्षण के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को गंभीरता से निभाता है।

### बाल विवाह में सम्मिलित लोगों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध

**दमोह।** परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास सुलेखा ठाकुर ने बताया वधु की उम्र 18 वर्ष पूर्ण नहीं होने, नाबालिक होने की श्रेणी में आने पर भी लड़की की शादी कराये जाने के उपरांत विधि विरूद्ध कार्य कारित करने के आरोप में दमोह पुलिस कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट वधु पक्ष के पिता एवं वर पक्ष के पिता एवं विवाह में सम्मिलित लोगों के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत धारा 9, 10,11 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का अपराध प्रथम दृष्टया घटित होने पर पंजीबद्ध किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**दमोह।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुम्मेर ढाबा के आगे एक किसी वाहन की टक्कर लगने से बाइक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुची तथा हादसे के शिकार व्यक्ति को अस्पताल भिजवाया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। मृतक की पहचान अमित पिता अवध राज सिंह गौड़ 26 वर्ष मागंज वार्ड-5 लोको, दमोह के रूप में हुई है।

### आज निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा

**हिण्डोरिया।** भारतीय सेना केहरसमय प्रदर्शित शौर्य, अदम्य साहस एवं पराक्रम को सम्मान एवं प्रोत्साहन देने के लिए आगामी 23 मई 2025 दिन शुक्रवार को समय शाम 6:00 बजे से नगर हिंडोरिया में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह तिरंगा यात्रा खिरका मुहल्ला स्थित महात्मा ज्योतिवा फुले चौक से प्रारंभ होकर मेंन मार्केट होते हुए मुख्य मार्ग से बस स्टैंड चौगडडा पहुंचेगी। यहाँ विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात यात्रा पुनः इसी रूट से मेंन मार्केट क्षेत्र में आकर समाप्त होगी। जहाँ भारतीय सेना के शौर्य पर वक्ताओं व्दारा प्रकाश डाला जायेगा। साथ ही नगर के भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया जायेगा। इसके पश्चात प्रसाद वितरण कर तिरंगा यात्रा का विधिवत समापन किया जाएगा। इस गैर राजनीतिक तिरंगा यात्रा में नगर के सभी वर्ग-समुदाय के लोग शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी से बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### छतरपुर जिले में तेज हवाओं ने मचाई तबाही

# हरपालपुर में बिजली गुल झींझन में बुजुर्ग महिला की मौत

**हरिभूमि, छतरपुर।** बुधवार-गुरुवार की रात छतरपुर जिले में तेज आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचाई, जिससे हरपालपुर, नौगांव, और शहर के कई हिस्सों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। बिजली के पोल और तार टूटने से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को पानी और संचार की भारी किल्लत का सामना करना पड़ा। नौगांव के झींझन गांव में एक दुखद हादसे में 70 वर्षीय महिला की छत से गिरकर मौत हो गई, वहीं शहर में बिखरे बिजली के तारों ने खतरे की स्थिति पैदा कर दी। जिले भर में पेड़ और छप्पर उडने से यातायात और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त रहा।

हरपालपुर में बुधवार-गुरुवार की रात तेज आंधी और तूफान ने भारी तबाही मचाई, जिसके कारण पूरे नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। पुरानी गल्ला मंडी के पास एक बिजली का पोल गिरने और लहचुरा रोड, राठ रोड, स्टेशन मोहल्ला, राजा कॉलोनी सहित कई स्थानों पर तार टूटने से पूरे दिन बिजली गुल रही। इससे भीषण गर्मी और उमस में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रातभर कस्बे में अंधेरा छाया रहा, जिससे पीने के पानी की समस्या गहरा गई। गुरुवार सुबह तक कई घरों में पानी की आपूर्ति बाधित रही। मोबाइल फोन और इनवर्टर डिस्चार्ज होने से संचार व्यवस्था भी प्रभावित हुई। आंधी के कारण कई घरों और दुकानों के छप्पर उड़ गए, जो दूर जा गिरे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली सेवा पूरी तरह ठप रही, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि आंधी के कारण बिजली व्यवस्था में कई स्थानों पर फॉल्ट आए हैं। रात से ही टीमें फॉल्ट ढूंढने और मरम्मत कार्य में जुटी हैं, लेकिन कई स्थानों पर क्षति होने के कारण बिजली बहाली में समय लग रहा है। अभी तक बिजली सेवा शुरू नहीं हो सकी है, और विभाग जल्द से जल्द व्यवस्था बहाल करने के प्रयास में जुटा है।

## नाबालिग लड़की लापता, माता-पिता परेशान



**हरिभूमि, छतरपुर**

महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुतरी से 18 मई से एक नाबालिग युवती लापता है। युवती के माता-पिता के अनुसार, वे एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गए थे। लौटने पर उन्हें पता चला कि उनकी बेटी घर पर नहीं है। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने आरोप लगाया कि गांव का ही युवक अजय अहिरवार उनकी बेटी को लंबे समय से परेशान करता था और उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। परिजनों ने महाराजपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन पुलिस अभी तक युवती का पता नहीं लगा सकी है। हताश होकर माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर युवती की तलाश में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रैक्टर से टकराने के बाद कार में लगी आग, मुश्किल से बची 4 लोगों की जान

**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा नगर में बीती रात करीब 10 बजे पेट्रोल पंप के पास एक कार में ट्रैक्टर से टकराने के बाद आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों तथा पुलिस की तत्परता के चलते कार सवाल 4 लोगों को बड़ी मशक्कत के बाद जिंदा बचा लिया गया, हालांकि वे सभी घायल हैं और उन्हें इलाज के लिए भेजा गया है। बताया गया है कि घायलों में उत्तरप्रदेश के महोबा निवासी नवीन वर्मा (35 वर्ष), उनकी पत्नी सुषमा वर्मा (30 वर्ष) और उनके दो बेटे गगन वर्मा (13 वर्ष) तथा राघव वर्मा (8 वर्ष) शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही गढ़ीमलहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को कार से बाहर निकाला। डायल हंड्रेड की मदद से सभी को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 29 मई को गौरिहार आ सकते हैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 29 मई 2025 को छतरपुर जिले के गौरिहार में आगमन प्रस्तावित है। गुरुवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल और पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने गौरिहार के शासकीय कन्या छात्रावास के समीप स्टेडियम प्रांगण में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं की तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, डीएफओ सर्वेश सोनवानी, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एएसपी विदिता डागर, डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने 24 घंटे में 9 गुमशुदा बच्चों को परिजनों से मिलाया



**हरिभूमि, छतरपुर। पुलिस के मुस्कान अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों और व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पिछले 24 घंटों में जिले के विभिन्न थानों ने 9 गुमशुदा बालिकाओं को ढूंढकर उनके परिजनों को सुरक्षित सौंपा, जबकि अभियान के तीन सप्ताह (21 दिन) में कुल 65 गुमशुदा बालक-बालिकाओं को दस्तयाब किया गया।**

ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत छतरपुर पुलिस जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गुमशुदा या अपहत बच्चों और व्यक्तियों की तलाश कर रही है। इसके साथ ही अन्य राज्यों और जिलों से गुमशुदा, मानसिक रूप से विक्षिप्त, या घायल व्यक्तियों को भी छतरपुर में मिलने पर संबंधित थानों के माध्यम से उनके परिजनों तक पहुंचाया जा रहा है। बाजारों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से गुम हुए सैकड़ों शिशुओं, बच्चों और वयस्कों को दस्तयाब किया गया है। इस वर्ष 1 जनवरी 2025 से अब तक 200 से अधिक गुमशुदा बच्चों को उनके परिवारों से मिलाया जा चुका है। पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित विशेष मुस्कान अभियान के तहत पिछले 21 दिनों में 65 बच्चों को दस्तयाब किया गया। पिछले 24 घंटों में थाना अलीपुरा ने 4 घंटे, थाना नौगांव ने 12 घंटे, चौकी पठा (थाना लवकुश नगर) ने 2 दिन, थाना सिविल लाइन ने 6 दिन, और थाना चंदला व बमीठा ने दो-दो बालिकाओं सहित कुल 9 बालिकाओं को दस्तयाब किया। थाना चंदला ने तीन दिन पहले और वर्ष 2024 में गुम हुई बालिकाओं को, जबकि थाना बमीठा ने जनवरी 2025 और वर्ष 2022 में गुम हुई बालिकाओं को तलाश किया। थाना खजुराहो ने अप्रैल में गुम हुई एक बालिका को ढूंढकर परिजनों को सौंपा।

# अवैध देशी कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि, छतरपुर।** छतरपुर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार की दोपहर में थाना कोतवाली पुलिस ने सन्मति स्कूल के पास भ्रमण के दौरान एक आरोपी को 315 बोर के अवैध देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि सन्मति स्कूल रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा, जो भागने का प्रयास कर रहा था। तलाशी में उसके पास से अवैध कट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान राज वाल्मीकि पिता संजय वाल्मीकि निवासी बेलदार मोहल्ला छतरपुर के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ प्रदर्शन करते हुए वीडियो वायरल किया था। थाना कोतवाली में उसके खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# महापौर, निगम अध्यक्ष एवं नगर निगम आयुक्त के उपस्थिति कचरा संग्रहण करने वाले वाहनों का हुआ भौतिक सत्यापन



**सिंगरौली** 22 मई 2025/ नगर पालिक निगम सिंगरौली के समस्त वार्डो में डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले वाहनो का आज एनसीएल मैदान बिलौजी में नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर रानी अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय तथा नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा भौतिक रूप से एक एक वाहन का सत्यापन किया गया। विदित हो कि नगरीय क्षेत्र में सभी वार्डो में सहित सर्वजनिक स्थलो आदि से कचरा संग्रहण कर निस्तारण की जिम्मेदारी सीटाडेल कम्पनी को मिला हुआ। नगरीय क्षेत्र में सीटाडेल कम्पनी के द्वारा ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने के लिए अनुबंध के अनुसार वाहन उपलंब्ध कराया गया है। उक्त वाहनो का भौतिक सत्यापन आज निगम की महापौर, अध्यक्ष एवं निगमायुक्त के द्वारा भौतिक सत्यापन कर निर्धारित वाहनो की संख्या, वाहनो के प्रकार सहित उनकी फिटनेस आदि की जॉच की गई साथ ही सीटाडेल प्रबंधन को निर्देश दिए गए अनुबंध के अनुसार कचरा संग्रहण के लिए वाहनो को निर्धारित समय पर वार्डो में भेजे साथ वाहनो का अच्छी तरह से रखरखाव करने के साथ नगरीय क्षेत्र में निवासरत सभी नागरिको की समस्याओ का त्वारित गति से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे। इस दौरान पार्षद सीमा जयसवाल, राम नरेश शाह, अनिल बैस, प्रेम सागर मिश्रा, शेखर सिंह, राम गोपाल पाल, रूकमन देवी,बंतो कौर, राम मिलन भारती, परमेश्वर पटेल, नगर निगम के उपायुक्त आरपी बैस, पार्षद प्रतिनिधि अर्जुन गुप्ता, अमित यादव, सीटाडेल अधिकारी रावेन्द्र उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने जल संरक्षण की दिशा में उठाया बड़ा कदम




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और अहम पहल करते हुए सुर्या नाला पर चेक डैम का निर्माण किया है। यह नाला रिहंद जलाशय (गोविंद बल्लभ पंत सागर) से जुड़ा हुआ है। इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना और आसपास के जल स्त्रोतों की गुणवत्ता में सुधार लाना है। यह चेक डैम जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाया गया है, जो जल स्त्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन और जनसहभागिता को बढ़ावा देने वाला एक महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इस चेक डैम का उद्घाटन श्री संजीव मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सिंगरौली) द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (रखरखाव एवं प्रशासन) तथा ईएमजी और ऐश डाइक प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे।एनटीपीसी विंध्याचल की यह पहल न केवल जल गुणवत्ता सुधारने में सहायक होगी, बल्कि यह जल संरक्षण में औद्योगिक संस्थानों की सक्रिय भूमिका का भी प्रमाण है। यह परियोजना आने वाले समय में क्षेत्रीय पारिस्थितिकी और जल आपूर्ति को स्थायित्व प्रदान करेगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**वृत्त-सलेहा तहसील गुनौर**
**जिला पन्ना म.प्र.**
रा.प्र.क./0013/अ-6/2025-26
गुनौर, दिनांक 13.05.2025

1- रामकिशोर तिवारी पिता जमुना प्रसाद तिवारी बगै. निवासी ग्राम मडौसा तहसील गुनौर जिला पन्ना म.प्र.........आवेदक
बनाम
सर्वसाधारण ग्राम मडौसा तहसील गुनौर जिला पन्ना म.प्र......... अनावेदक

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकिशोर पिता जमुना प्रसाद तिवारी बगै. निवासी ग्राम मडौसा तहसील गुनौर जिला पन्ना म.प्र. द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 109-110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। आवेदन पत्र मामले की सुनवाई तारीख 30/5/25 नियत है एवं न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त - सलेहा तहसील गुनौर पर होगी। इस संबंध में किसी को कोई अपति हो तो या हितबद्ध हो अपत्ति या सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 30/5/25 को उपस्थित होकर कर सकता है नियत तिथि उपरान्त आपत्ति प्राप्त होने पर या उपस्थित होने पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निश्चित तारीख को आप स्वयं व आपका मुख्त्यार या वकील / अधिवक्ता (न्यायालय की अनुमति से) उपस्थित न हुये तो आवेदन मे एक पक्षीय किया जाकर सुनवाई पश्चात निर्णय लिया जायेगा। आज दिनांक 13/5/25 को समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये जाने हेतु सूचना पत्र हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी।

सील
नायब तहसीलदार
वृत्त - सलेहा
तहसील गुनौर जिला पन्ना म.प्र.

# विद्युत लाइन सुधारते समय कर्मी झुलसा



रीवा। शहर के बनकुइंया सब स्टेशन पर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा उस वक्त हो गया जब 11 हजार केवी विद्युत लाइन में सुधार कार्य के दौरान एक विद्युतकर्मी करंट की चपेट में आ गया। हादसे में कर्मी गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे तत्काल संजय गांधी अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दादर निवासी नीरज तिवारी विद्युत लाइन में तकनीकी खामी को दूर करने के लिए खंभे पर चढ़ा था। इस दौरान सप्लाई बंद न होने के कारण वह तेज करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी सुरक्षा टोपी में आग लग गई, जिससे घबराकर वह खंभे से नीचे गिर पड़ा। गिरने से उसके शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और वह बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कार्य के दौरान सहयोगी कर्मचारी द्वारा बिजली सप्लाई बंद नहीं की गई थी, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। फिलहाल घायल नीरज तिवारी को एसजीएमएच की बर्न यूनिट में उपचार हेतु भर्ती किया गया है, जहां चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर है, लेकिन उसे निगरानी में रखा गया है।

## कमिश्नर ने वनाधिकार की संभागीय कार्यशाला का किया शुभारंभ

रीवा। वनाधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित रीवा एवं शहडोल जिलों की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने किया। इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि जनजातीय परिवार परंपरागत रूप से वनों के संरक्षक रहे हैं। उनकी आजीविका का मुख्य साधन वन रहे हैं। लेकिन जनजातीय परिवारों को आवासीय और खेती की भूमि के पट्टे नहीं मिले हुए थे। वनाधिकार अधिनियम में हजारों परिवारों को भू अधिकार पत्र देकर उन्हें उस जमीन का मालिक बनाया जिस पर उनका पीढ़ियों से अधिकार था। वनाधिकार अधिनियम ने जनजातीय परिवारों को वनों की सुरक्षा करते हुए खेती और अन्य आर्थिक गतिविधियों के अधिकार दिए हैं। इस अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन करके हजारों परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यशाला में मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, वन मण्डलाधिकारी, उपायुक्त जनजातीय कार्य श्रीमती ऊषा अजय सिंह, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला में अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई।

## कुओं के रिचार्ज पिट का कार्य 15 जून तक पूरे करें - सीईओ

रीवा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की विकासखण्डवार समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत तालाब तथा अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। सभी जनपदों को ट्यूबवेल और कुंओं में रिचार्ज पिट बनाने का लक्ष्य दिया गया है। रिचार्ज पिट बनाने का कार्य 15 जून तक अनिवार्य रूप से पूरा करा लें। मौसम विभाग द्वारा मानसून के 15 जून तक आ जाने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे ध्यान में रखते हुए तेजी से निर्माण कार्य पूरे कराएं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा योजना से अपूर्ण कार्यों को पूरा कराने में भी विशेष ध्यान दें। जिन कार्यों में 60 प्रतिशत से अधिक की राशि व्यय हो चुकी है उन्हें 15 जून तक हरहाल में पूरा कराकर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करें। जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं। अभियान के दौरान वृक्षारोपण के लिए स्थान निर्धारित करके वृक्षारोपण की भी तैयारी शुरू करा दें।

**लीज पर दी गई संपत्तियों तोड़फोड़ शिकायत मिलने पर हुई कार्रवाई**

# निगम की संपत्ति को मनमानी तोड़फोड़ कर परिवर्तित करने वाले 150 से अधिक लोगों को नोटिस जारी




**हरिभूमि, रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व की विभिन्न योजनाओं में 30 वर्षीय लीज पर/35 माह किराये पर आवंटित अचल सम्पत्तियों- जैसे दुकानों, फ्लैट, भवन आदि के मूल स्वरूप में परिवर्तन कर, व्यावसायिक परिसर के रूप में निर्मित कर, दुकानों के बीच की दीवाल तोड़कर दुकाने मिला लेने, दुकान की छत तोड़कर रिहायशी फ्लैट को व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, जबकि आवासीय प्रयोजन हेतु उक्त योजना में भूखंड/भवन आवंटित किया गया है। दुकानों में स्थाई पार्टीशन, गैलरी अवरोध, मेजनाइन फ्लोर तोड़फोड़ किया गया है, जिसे गंभीरता से लेते हुए निगम आयुक्त डॉ. सौरभ संजय सोनवणे द्वारा दिये गये निर्देश के परिपेक्ष्य में लगभग 150 से अधिक लोगों को नोटिस दी गई है,वार्ड 44 की पार्षद अर्चना अमृत मिश्रा ने इस संबंध में आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था। एक शिकायत वार्ड 13 की पार्षद नम्रता सिंह ने भी की थी। इस पर अब आयुक्त ने हेडगेवार नगर, नेहरू नगर, नगर, तानसेन काम्पलेक्स, डॉ. अम्बेडकर बाजार, व्यंकट बाजार, लक्ष्मी मार्केट, अपना बाजार, समृद्धि और प्रकाश काम्पलेक्स सहित अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए नोटिस जारी किया है।बॉक्स 15 दिन का दिया समयनगर निगम ने संबंधित हितग्राहियों को निर्देशित किया है कि यदि उपयोग परिवर्तन या निर्माण की अनुमति नगर निगम या नगर एवं ग्राम ग्राम निवेश से प्राप्त की गई है, तो 15 दिवस के भीतर अभिलेखों सहित उत्तर प्रस्तुत करें। अन्यया, मप. नगरपालिका (अचल संपति अंतरण) नियम 2016, 2021 एवं 2023 के तहत आवंटन निरस्त कर पहा रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।बॉक्स इन्हें दी गई नोटिस डॉ. अम्बेडकर बाजार- पायल ठारवानी, विजय ठारवानी, दुकान क्र.15 भारत ठारवानी, दुकान क्र.12 लद्धाराम ठारवानी ।व्यंकट बाजार -दु.क्र.-4 सविता बजाज, फ्लैट क्र.-4 रमेश, माधव, दु.क्र.-5 कन्हैया, रवि, तुलसी, सुनील फ्लैट क्र.-5 अनिल, रवि, महेश, दु.क्र.-8 फ्लैट क्र.-8 राज कुमार डुडानी, दु.क्र.-12 गोविंद दास, फ्लैट क्र.-12 बलराज मदनानी, दु.क्र.- 17 फ्लैट क्र.-17 राजेश मेघानी, उषा सिंह , रेखा छुगानी एवं नीतू छुगानी, मदनलाल छुगानी, रीना मदनानी, राजेश मेघानी, कृपाल छुगानी, दीपक छुगानी, फ्लैट क्र.16 दुकान क्र.16 दीपक मेधानी, फ्लैट क्र.20 दुकान क्र.20 ऊषा सिंह, फ्लैट क्र.23 मनोज मोटवानी दुकान क्र.23 सुनील कुमान मगलानी, 24 गुरुमुखदास बगै, दुकान क्र.24 प्रेमप्रकाश लालवानी, दुकान क्र.25 श्री मेघराज बगै. गोदाम क्र.04 मेघराज वाधवानी, रामनदास कोटवानी, नम्रता डिगवानी, शंकरलाल लालवानी, गैरिज क्र.02 बलराज मदनानी, रेखा छुगानी। तानसेन काम्पलेक्स सिरमौर चौराहाशोरूम क्र.1 अनिल कुमार अग्रवाल, शोरूम क्र.2 शशि गुप्ता, शोरूम क्र.5 सपना गुप्ता, ओम नारायण गुप्ता, दुकान क्र.5 सपना गुप्ता, शोरूम क्र.10 विश्म्भर लाल आनंदानी, शोरूम क्र.11 संगीता गुप्ता, शोरूम क्र.13 सुरेश कुमार गुप्ता, रेस्टोरेन्ट हॉल- 728 वर्गफिट देवांश श्रीवास्तव, न्यास बाजार सिरमौर चौराहा-दुकान क्र.5 एस आर उदय प्रकाश मिश्रा, दुकान क्र.7 एस आर सुरेन्द्र कुमार तिवारी बगै., दुकान क्र.10, 11 श्याम बिहारी मिश्रा, दुकान क्र.12, जगदीश प्रसाद शुक्ला, दुकान क्र. 13 दुकान रीता शुक्ला, प्रतिमा सिंह, श्यामा कपूर,महेश कुमार गुप्ता।लक्ष्मी मार्केट-दुकान क्र.02 शशी देवी कुल चन्दानी, टऊमल पितारूपालदास, श्याम लाल पिता सन्मुख दास, अनिल कुमार अहुजा व सुनील कुमार अहुजा, दुकान क्र.11 बसन्त लाल पिता राममनोहर, अपना मार्केट-दुकान क्र.02 राजेश कुमार पिता कन्हैया लाल, दुकान क्र.06 व 07 जयराम दास पिता बन्नो मल। समृद्धि काम्पलेक्स (धोबिया टंकी)- प्रवीण कुमार गुप्ता, अनिल शुक्ला पिता सुशील शुक्ला, मो0 असलम, दुकान क्र.53 दीपक साहू पिता हीरालाल साहू, नीलाम्बरा अनिल कुमार पिता कन्हैया लाल, इंदिरा मार्केट- दुकान क्र.12, 13, 14, 15, 16, 35, 36, 37 सुरेश कुमार पिता दरियानामल निरंकारी, प्रकाश काम्पलेक्स- दुकान क्र.5, 72, 73 सुदामा निरंकारी पिता स्व. राजाराम निरंकारी, दुकान क्र.03 मो0 अमीन पिता अब्दुल वाहिद, दुकान क्र.05 रामलखन सोनी पिता प्रेमलाल सोनी, दुकान क्र.03 शंकर लाल पिता लखनलाल, दुकान क्र.20 अशोक कुमार छुगानी पिता लखन लाल छुगानी, दिलीप कुमार पिता आसनदास, उमेश कुमार मसन्द पिता मेघराज मसन्द।योजना हेडगेवार नगर -एम.आई.जी अमित कमलेश, एम.आई.जी. मनोज्ञा सिंह, एम.आई.जी. 32 श्रीमती मयूरिका सिंह, जूनियर एम.आई.जी.- 1 सी, एच.आई.जी.-1 रमेश कुमार मंशानी।नेहरु नगर - एम.आई.जी श्यामनारायण गुप्ता,एम.आई.जी श्यामनारायण गुप्ता बगै., एम.आई.जी विश्वप्रकाश पाण्डेय, एम.आई.जी सीता देवी पाठक, एम.आई.जी सिया द्विवेदी,भूखण्ड शकुन्तला सिंह,भूखण्ड संजय सिंह देव, भूखण्ड काजल माधवानी, भूखण्ड मे0 उप्पल मोटर्स, भूखण्ड, जसवीर कुमार उप्पल, भूखण्ड युवराज सिंह बगै., भूखण्ड अर्चना सिंह एवं तेजस्वी सिंह, भूखण्ड अमृतलाल गुप्ता, भूखण्ड राजबहोर गुप्ता, एम.आई.जी राजकुमार गुप्ता, एम.आई.जी ज्योती मिश्रा, एम.आई.जी किरण शुक्ला एम.आई.जी कंचन शुक्ला, एम.आई.जी अनुराग मिश्रा, एम.आई.जी गोविन्दनारायण अग्रवाल बगै., भूखण्ड रामकरण रजक।

# परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाही: दो बिना परमिट बसों सहित 20 वाहनों पर चालान, यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता







**हरिभूमि, रीवा** :जिले में परिवहन विभाग, की टीम ने अनधिकृत और नियम-विरुद्ध वाहनों के खिलाफ व्यापक जांच अभियान चलाया। इस अभियान में दो बिना परमिट बसों सहित 20 अन्य बसों पर बड़ी चालानी कार्रवाई की गई, जिससे यात्री सुरक्षा और परिवहन नियमों के पालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।परिवहन आयुक्त के निर्देश पर 13 मई से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत, रीवा प्रयागराज, हनुमान सीधी गोविंदगढ़ सिरमौर मार्ग पर वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि दो यात्री बसें बिना वैध परमिट के संचालित हो रही थीं, जो मोटरयान अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अलावा, 20 अन्य बसों में विभिन्न अनियमितताएं जैसे फिटनेस से संबंधित जुडे सुरक्षा मानको , और सुरक्षा मानकों का पालन न करना पाया गया। परिवहन विभाग ने इन सभी वाहनों के खिलाफ चालान अधिरोपित किए, जिससे 63500 रुपये का राजस्व भी वसूला गया।जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अवैध रूप से संचालित वाहनों पर लगाम लगाना है। उन्होंने कहा, श्बिना परमिट और अनफिट वाहनों का संचालन न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह यात्रियों की जान को भी खतरे में डालता है। हमारा अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि सड़कों पर सुरक्षित और नियम-अनुरूप परिवहन सुनिश्चित हो। यह कार्रवाही स्थानीय बस ऑपरेटरों के बीच हड़कंप मचा रही है, और कई ऑपरेटरों ने अपने वाहनों को मानकों के अनुरूप लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परिवहन विभाग ने स्कूल बसों और अन्य यात्री वाहनों के लिए भी नियमित जांच की घोषणा की है, जिसमें सीसीटीवी, जीपीएस, स्पीड गवर्नर, और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्यता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।यह अभियान न केवल परिवहन नियमों के पालन को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि यात्रियों में भी सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूकता पैदा कर रहा है। स्थानीय निवासियों ने इस कार्रवाई की सराहना की है और इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। परिवहन विभाग की यह कार्यवाही आरटीओ रीवा के मार्गदर्शन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी और चेकपॉइंट हनुमना प्रभारी द्वारा की गई।

# तिलकोत्सव में हर्ष फायरिंग, पंडित घायल, पुलिस ने दर्ज किया मामला



**रीवा।** जिले के गढ़ थाना अंतर्गत बड़ोखर गांव में आयोजित एक पारिवारिक तिलकोत्सव समारोह हर्ष फायरिंग की वजह से अफरा-तफरी में बदल गया। समारोह में शामिल एक पंडित फायरिंग के दौरान छर्रों की चपेट में आकर घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार देर रात की है जब बड़ोखर निवासी मुन्ना लाल कोल के घर तिलकोत्सव का आयोजन चल रहा था। कार्यक्रम अपने समापन की ओर बढ़ ही रहा था कि उसी दौरान गांव के ही एक युवक अखण्ड सिंह ने कट्टे से दो बार हर्ष फायर कर दिया। पहली गोली तो किसी को नहीं लगी, लेकिन दूसरी बार चली गोली के छर्रे वहां मौजूद पंडित ज्ञानेंद्र मिश्रा को जा लगे, जिससे वह घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पंडित ज्ञानेंद्र मिश्रा मौहरिया गांव के निवासी हैं और तिलक संस्कार के लिए आमंत्रित किए गए थे। वह मंच के पास बैठे थे जब यह घटना हुई। गोली लगते ही कार्यक्रम स्थल पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पंडित मिश्रा घायल अवस्था में पहले लालगांव चौकी पहुंचे, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए गंगेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।गढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि श्घटना को गंभीरता से लेते हुए केस पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है। इस तरह की घटनाएं बेहद लापरवाह और कानून के खिलाफ होती हैं, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बॉक्स घायल हुए पंडित ने की शिकायत गोली के छर्रे लगने के बावजूद घायल पंडित ज्ञानेंद्र मिश्रा ने साहस दिखाते हुए खुद लालगांव चौकी पहुंचकर पूरे घटनाक्रम के संबंध में मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गंगेव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भेजा। बॉक्स समारोह में बाल-बाल बचे कई लोगप्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि फायरिंग के वक्त वहां कई लोग मौजूद थे और यह घटना बड़ी अनहोनी में तब्दील हो सकती थी। छर्रे लगने से घायल हुए पंडित की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस द्वारा मौके से सबूत जुटाए जा रहे हैं और कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बयान लिए जा रहे हैं।

# नगर परिषद मनगवां सीएमओ के खिलाफ ईओडब्लू में दर्ज हुआ मामला फर्जी पत्रक और हस्ताक्षर बनाकर निकाल लिए 3.80 लाख रुपए एरियर्स




**हरिभूमि, रीवा।** जिले में फर्जी दस्तावेज तैयार कर सातवें वेतनमान की एरियर राशि आहरित करने वाले मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनगवां हरिमित्र श्रीवास्तव के विरूद्ध ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज किया है। बताया गया कि सीएमओ ने एरियर भुगतान प्राप्त करने के एक माह बाद फिर से फर्जी एरियर पत्रक नगर परिषद मैहर में भेजा था। इसके साथ ही भुगतान व्हाउचर में प्रशासक नगर परिषद मनगवां के जो हस्ताक्षर थे वो भी फर्जी मिले है। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सीएमओ ने 3 लाख 80 हजार 648 रुपये गलत तरीके से आहरित कर लिए थे। ईओडब्लू से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2021-22 की अवधि में सहायक परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण रीवा के पद पर पदस्थ हरिमित्र श्रीवास्तव को जिला कलेक्टर रीवा द्वारा आदेश दिनांक 13.08.2021 के माध्यम से वर्तमान कार्य के साथ-साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनगवां जिला रीवा का अतिरिक्त कार्य सौंपा गया था। उक्त पदस्थापना अवधि में हरिमित्र श्रीवास्तव द्वारा नगर परिषद मैहर में पदस्थापना अवधि का सातवें वेतनमान के अंतर की राशि रुपये 3,80,648/- का फर्जी एरियर पत्रक (माह जनवरी 2016 से मई 2018 की अवधि का) तैयार कर उक्त एरियर का भुगतान नगर परिषद मनगवां के बैंक खाते से दिनांक 01 जनवरी 2022 को अपने बैंक खाते में प्राप्त कर लिया। उक्त भुगतान व्हाउचर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनगवां एवं लेखापाल के स्थान पर हरिमित्र श्रीवास्तव द्वारा स्वयं हस्ताक्षर कर आहरित किया गया था। उक्त देयक में प्रशासक नगर परिषद मनगवां के हस्ताक्षर के स्थान पर किया गया हस्ताक्षर भी फर्जी पाया गया है। इसके बाद सातवें वेतनमान के माह जनवरी 2016 से मई 2018 की अवधि का एरियर 01 जनवरी 2022 को प्राप्त कर लेने के बाद भी हरिमित्र श्रीवास्तव ने 02 फरवरी2022 को पुनः फर्जी एरियर पत्रक तैयार कर अनुमोदन हेतु नगर परिषद मैहर भेजा था। मामले की शिकायत के बाद ईओडब्लू ने हरिमित्र श्रीवास्तव प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मनगवां जिला रीवा के द्वारा पद का दुरूपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर सातवें वेतनमान की एरियर राशि रूपये 3 लाख 80 हजार 648 रूपए का अवैध भुगतान स्वयं के खाते में प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति कारित करने का आरोप प्रमाणित पाये जाने से हरिमित्र श्रीवास्तव के विरूद्ध धारा 420, 409, 467, 468, 471, भा.द.वि. 13 (1) ए. 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, संशोधन अधिनियम 2018 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# नलजल योजना की संचालन और संधारण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत उठाएं पंचायतें वाल्व आपरेटरों को समय पर वेतन दें और कार्य कराने के निर्देश



रीवा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि समूह नलजल योजनाओं का कार्य जिन ग्रामों में पूरा हो गया है वहाँ हर घर में नल का कनेक्शन देकर पानी की प्रतिदिन आपूर्ति कराएं। जिन गांवों में अभी भी कनेक्शन शेष है वहाँ 15 दिवस में सभी घरों में कनेक्शन करा दें। पानी की नियमित आपूर्ति के साथ जल कर की भी वसूली करें। नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतें उठाएं। ग्रामवासियों को पेयजल की आपूर्ति ग्राम पंचायत की ही जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की कठिनाई आने पर जल जीवन मिशन की एजेंसी ग्राम पंचायतों को पूरा सहयोग करे। वाल्व आपरेटरों की लापरवाही के कारण गांवों में पानी के वितरण में कठिनाई आ रही है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उन सभी गांवों में वाल्व आपरेटर की नियुक्ति तत्काल कर दें जहाँ नलजल योजनाएं संचालित हैं। इन्हें ग्राम पंचायतों के माध्यम से नियमित रूप से वेतन का भुगतान करते हुए वाल्व आपरेशन का कार्य कराएं। वाल्व आपरेटर को समय पर वेतन नहीं मिला तो जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी वेतन नहीं मिलेगा,कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जलजीवन मिशन द्वारा नल जल योजना की पाइप लाइन की जियो टैगिंग करके नक्शे उपलब्ध कराए गए हैं। ग्राम पंचायत में कोई भी निर्माण कार्य शुरू होने से पहले उपयंत्री इन नक्शों को अवश्य देखें। जहाँ पाइप लाइन चिन्हित की गई हैं वहाँ निर्माण कार्य न कराएं। निर्माण कार्यों के कारण जिन स्थानों में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है वहाँ के उपयंत्रियों को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कारण बताओ नोटिस दें। पंचायत के निर्माण कार्य के कारण यदि पेयजल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होती है तो उसके सुधार का कार्य भी ग्राम पंचायत ही करे। इसके लिए जल कर की राशि और 15वें वित्त की राशि का उपयोग करें। जल जीवन मिशन की निर्माण एजेंसियाँ सुधार कार्य में ग्राम पंचायतों को सहयोग करेंगी। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण की स्वयं निगरानी करें। कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नलजल योजनाओं के संचालन में लापरवाही बरतने पर नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाणसागर समूह नलजल योजना तथा टमस समूह नलजल योजना के कार्य में तेजी लाएं। टमस समूह नलजल योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी रहने पर कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर ने कहा कि टमस समूह नलजल योजना का कार्य 31 मार्च 2026 तक पूरा होना है। इसकी मंथवार प्रगति की कार्ययोजना बनाएं। उसके अनुरूप प्रगति न होने पर निर्माण एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही करें। बैठक में जल जीवन मिशन के जिला प्रबंधक चित्रांशु ने बताया कि कंदैला समूह नलजल योजना से रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की 51 तथा गंगेव विकासखण्ड के 13 गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। बाणसागर समूह नलजल योजना में इंटेक वेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य एक माह में पूरा हो जाएगा। अगस्त माह तक 47 टंकियों का निर्माण करके पेयजल की आंशिक आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। टमस समूह नलजल योजना में इंटेक वेल और टंकियों का निर्माण संतोषजनक नहीं है। निर्माण एजेंसी को अतिरिक्त मजदूर तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। सतना बाणसागर समूह नलजल योजना में 52 स्वीकृत टंकियों में से 34 टंकियों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। दिसम्बर माह तक टंकी और पाइप लाइन का कार्य पूरा हो जाएगा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बीके शुक्ला, नीतेश सिंह, जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मऊगंज में बिजली विभाग की फिर बड़ी लापरवाही, करंट की चपेट में बैल की मौत



**हरिभूमि, मऊगंज।** नगर परिषद मऊगंज के वार्ड 06 कुंदनपुरवा में 21 तारीख की रात्रि से बिजली के खंभे से चिंगारी उठ रही थी लोगों ने बताया कि विभाग को फोन भी किया लेकिन कोई फोन नहीं उठाया 22 मई की सुबह आठ बजे एक बैल खंभे के पास से गुजरा और गिर कर तड़पते हुए दम तोड़ दिया बिजली विभाग में सस्ते उपकरण खरीदी में भ्रष्टाचार अघोषित बिजली कटौती के साथ-साथ अब जान माल को भी खत्म करने में आमादा है बड़ी लापरवाही सामने आई है सूचना देने के बाद भी कर्मचारियों ने फोन नहीं उठाया और बेजुबान बैल की मौत हो गई इस बेजुबान की मौत से यह सिद्ध हो गया की खंभे में कई दिनों से करंट उतर रहा था और बड़ी घटना होते-होते बच गई बड़ी बात यह रही कि खंभे में करंट उतरने की चपेट में वार्ड बासी नहीं आए सूचना देने के बाद भी विभाग द्वारा लापरवाही तरीके से पोल और जमीन पर उतरे करंट को बंद नहीं कर पाए लिहाजा करंट की चपेट से बैल की आकस्मिक मौत हो गई किंतु कई राहगीरों की जान भी बच गई और बड़ा हादसा नहीं हुआ।

# जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जल संवाद सम्पन्न

मऊगंज



म.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ग्राम-पतियारी में प्राचीन बाबडी के पास जल संवाद आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक- मऊगंज अजय चतुर्वेदी,जल संरक्षण की पुरानी जल संरचनाओं व जल संरक्षण की तकनीको को संरक्षित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। जल संवाद संगोष्ठी में परामर्शदाता शिव शंकर श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया नवांकुर संस्था शिवानंद स्वयं सेवी संस्था उधौवपुरवा के अध्यक्ष संजय पांडेय द्वारा छात्रों को जन जागरुकता के जल संरक्षण प्रेरक नारा लेखन अपने चयनित समाजिक गांव में कराया गया। मोहन दुबे नवांकुर संस्था प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा जल संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया परामर्शदाता श्रीमती पूजा मिश्रा ने जल संरक्षण के लिए अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। रिंकी मिश्रा ने पानी की बचत करने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती साधना चैरासिया ने छात्रों को अपने अपने विचार जल संरक्षण के लिए रखने के लिए प्रेरित किया गया प्रिंस गुप्ता द्वारा जल की त्रासदी से बचाव के लिए वृक्षारोपण करने का आवाह्न किया रामरतन मिश्रा ने मऊगंज विकास खंड में आयोजित जल संवर्धन के लिए निरन्तर कार्यक्रम चलाकर जन मानस में जागरुकता के लिए प्रयास करने का आवाह्न किया। अनुपम यादव ने वृक्षारोपण करने का आवाह्न किया बृजमोहन यादव, नेहा साहू, आरती प्रजापति, रुक्मिणी साकेत,ज्योती कोल ,बिसाषा तिवारी, कोमल तिवारी, रोहित विश्वकर्मा, अभिषेक कोल, मोहित विश्वकर्मा, प्रियांशु सोनी कमलेश प्रजापति,धीरज प्रजापति स्वाती पांडेय मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित कोर्स बी एस डब्ल्यू,एम एस डब्ल्यू,के छात्र-छात्राओं के साथ श्रम दान कर बाबडी की सफाई की गई। अंत में कार्यक्रम का समापन कर सभी का आभार श्रीमती पूजा मिश्रा द्वारा व्यक्त किया गया।